# पेयजल संकट से लोगों को निजात देने को लेकर तीनों नगर निगम हुआ मुस्तैद



## चिन्हित जगहों पर लगाए जा रहें टैंकर व वाटर एटीएम मशीन

## तीनों नगर निकायों में गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराने की तैयारी




**जमशेदपुर** : शहरी क्षेत्र के तीनों नगर निकाय भी अपने-अपने स्तर पर गर्मी में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने की तैयारी कर रहे हैं. लोगों को जरुरत के मुताबिक टैंकर से पानी पहुंचाने व जगह-जगह एटीएम वॉटर वैडिंग मशीन लगाने की तैयारी की जा रही है. आइए देखते हैं कि कहां क्या है तैयारी?

### *मानगो नगर निगम*

मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है. कहीं भी पानी की किल्लत होने पर सिटी मैनेजर जितेंद्र कुमार के मोबाइल नंबर 8987586386 पर संपर्क कर किया जा सकता है. निगम के पास 12-12 हजार के दो टैंकर तथा दो-दो हजार लीटर क्षमता वाले तीन टैंकर उपलब्ध हैं.

### *जुगसलाई नगर परिषद*

जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में विशेष तौर पर टैंकर को तैनात रखा गया है. कार्यपालक पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव के अनुसार जुगसलाई क्षेत्र में पानी की किल्लत नहीं के बराबर होती है. दो-तीन बस्ती हैं, जहां गर्मी के समय कुछ दिनों के लिए पानी की किल्लत होती है. वैसे इलाके में मांग के अनुसार टैंकर से जलापूर्ति की जाती है. उन्होंने बताया कि यदि कहीं पानी की किल्लत हो तो मोबाइल नंबर 9199955449 पर संपर्क कर सकते है.

### *जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति*

जमशेदपुर अक्षेस 10 स्थानों पर वाटर एटीएम वैडिंग मशीन लगाने जा रही है. मशीन में केवल एक रुपये का सिक्का डालकर एक बोतल शुद्ध जल प्राप्त किया जा सकता है. इन स्थानों पर लगेगी वेडिंग मशीन : साकची हनुमान मंदिर के पास, बिरसानगर संडे मार्केट, , टिनप्लेट चौक, बारीडीह चौक, बारीडीह बस्ती, बजरंग चौक, कदमा बाजार, सोनारी बाजार, मानगो बस स्टैंड, बिष्टुपुर बाजार, प्रेस क्लब साकची के पास